दिनांक 27.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

दिव्यांगजनों के शिविर हेतु आज दिनांक 27.11.2017 को प्रशिक्षण संपन्न

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान के आदेशानुसार आज निगम सभागार निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत द्वितीय चरण का दिव्यांगजन शिविर का आयोजन जोन मुख्यालय नेहरू नगर, वैशाली नगर, मदर टेरेसा नगर, शिवाजी नगर, सेक्टर 06 एवं रिसाली में कल दिनांक 28 नवम्बर 2017 को एक साथ प्रारंभ होगा । इस हेतु आज नगर पालिक निगम भिलाई में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयोजित था। प्रशिक्षण में उपसंचालक, समाज कल्याण धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिनके पास पूर्व से पात्र प्रमाण पत्र उपलब्ध है या शिविर में पूर्व से प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिये थे, उन्हीं हितग्राहियों से समर्थ कार्ड, स्मार्ट कार्ड, मुख्यमंत्री संजीवनी कार्स, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग छात्रवृत्ति, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, स्वरोजगार हेत दिव्यांग ऋण, परिचय पत्र एवं पास बुक, निरामय बीमा योजना, दिव्यांग राशन कार्ड, दिव्यांग ऑनलाईन पंजीयन, कौशल विकास योजना, रेल्वे पास, बस पास के आवेदन फार्म भराये जायेगें। किन्तु यदि शिविर ऐसे हितग्राही जिनके पास विकलांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, उन हितग्राहियों की केवल सूची तैयार किया जावेगा।

प्रशिक्षण में सभी जोन के ड्यूटी में संलग्न नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं दिव्यांग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री मुर्ति शर्मा, चन्द्रपाल हरमुख अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी